## दिनांक 10.04.2026 को आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल, दरभंगा के अंतर्गत बलवाघाट बराज योजना के अधीन अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20/2025–26 के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :–**

1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 शम्स परवेज, मुख्य अभियंता (याँत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

**2. कार्य विवरणी :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | : | ANNUAL REPAIR,OPERATION MAINTENANCE AND TWO TIMES PAINTING OF 21 NOS. BALWAGHAT BARRAGE GATES (4 NOS UNDER SLUICE GATE SIZE 2.20M X 4.05M, 15 NOS. SPILLWAY GATES SIZE 3.00M X 2.55M, 2 NOS. HEAD REGULATOR GATE(LEFT+RIGHT) SIZE 3.50M X 2.66M ALONG WITH THEIR HOISTING SYSTEM, ITS ALLIED COMPONENTS ALL PANELS AND CONTROL ROOM FOR NEXT FIVE YEARS FROM FINANCIAL YEAR 2025-26 |
| (ii) | प्रमंडल का नाम | : | सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, दरभंगा |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | : | हिन्दुस्तान दिनांक 06.01.2026 |
| (iv) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : | दिनांक 17.01.2026 |
| (v) | निविदा खोलने की तिथि | : | दिनांक 19.01.2026 |
| (vi) | प्राप्त निविदा की सं० | : | 02 अदद् |
| (vii) | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–निविदा |
| (viii) | परिमाण विपत्र की राशि | : | रू0 229.17386 लाख |
| (ix) | एन0 आई0 टी0 सं0 | : | 20/2025–26 |
| (x) | प्रशासनिक स्वीकृति की राषि एवं प्रसंग | : | रू० 230.22224 लाख एवं पत्रांक– मो०(2)–याँ0–(बलवाघाट बराज योजना)–307/2025–1482 दिनांक 22.08.2025 |

**3. तकनीकी बीड की समीक्षा :–**

(i) उक्त कार्य हेतु पूर्व में निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16/2025–26 के ग्रुप संख्या–01 के द्वारा के द्वारा प्रथम बार निविदा आमंत्रित किया गया, जिसमें पाँच निविदादाता द्वारा भाग लिया गया किन्तु तकनीकी बीड में एक निविदादाता सफल होने के कारण मुख्य अभियंता, याँत्रिक जल

संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक– 2255 दिनांक–19.09.2025 द्वारा अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु निदेशित किया गया है ।

(ii) पुनः इस कार्य हेतु अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19/2025–26 द्वारा द्वितीय बार निविदा आमंत्रित किया गया, जिसमें दो निविदादाता द्वारा भाग लिया गया किन्तु तकनीकी बीड में एक निविदादाता सफल होने के कारण मुख्य अभियंता (याँ०), पटना द्वारा सफल निविदादाता एकल होने की स्थिति में पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 3162 (S) दिनांक 09.05.2016 के आलोक में उक्त तकनीकी बीड पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लेने हेतु निविदा अभिलेख उपलब्ध कराया गया है।

(iii) दिनांक–26.12.2025 सम्यक् समीक्षोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति प्रदान करते हुए उक्त दोनों निविदादाताओं को तकनीकी बीड में असफल करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना को निदेशित किया गया।

(iv) पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20/2025–26 द्वारा तृतीय बार अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया गया। दिनांक 14.02.2026 को मुख्य अभियंता (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा विचारोपरांत आमंत्रण सूचना सं0–20/2025–2026 में 02 निविदादाता द्वारा भाग लिया गया। तकनीकी बीड में निविदादाता Anju Industries, Chandigarh द्वारा समर्पित शपथ पत्र विभागीय पत्रांक 536 दिनांक 13.06.2023 के परिशिष्ट–3 के अनुरूप नहीं होने के कारण तकनीकी बीड में असफल होने के कारण, सफल एकल निविदादाता Divitek Under Water Services, Mau, Uttar Pradesh हो जाने के कारण इसे पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना सं0–3162(S) दिनांक 09.05.2016 के आलोक में पुनर्निविदा का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर के उपर के प्राधिकार (विभागीय स्तर) से करने हेतु अनुरोध किया गया है।

मुख्य अभियंता (याँ०), जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 394 दिनांक 16.02.2026 से प्राप्त उपर्युक्त कार्य की पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20/2025–26 द्वारा निविदा अभिलेखों एवं तुलनात्मक विवरणी की समीक्षा के आलोक में स्थिति निम्नवत् है :–

**(i) <u>Divitek Under Water Services, Mau, Uttar Pradesh</u>**

इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित वांछित अहर्ता हेतु सभी अभिलेख संलग्न किया गया है। अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण करते हैं।

**(ii) <u>Anju Industries, Chandigarh</u>**

निविदा अभिलेख में SBD Cl- 16.1 के तहत Bid Security(Earnest Money) अंतर्गत मांग किया गया है। इनके द्वारा संलग्न अभिलेख वांछित प्रारूप के अनुरूप नहीं है, जो मान्य नहीं है। निविदा अभिलेख में Affidavit मांग किया गया है। इनके द्वारा संलग्न अभिलेख वांछित प्रारूप as per SBD Format के अनुरूप नहीं है, जो मान्य नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं। अतः ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ता पूर्ण नहीं करते हैं।

दिनांक 01.04.2026 को सम्पन्न तकनीकि बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त एक अदद निविदादाता DIVETEK UNDER WATER SERVICES Mau, Uttar Pradesh द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी करने के कारण तकनीकी बीड में सफल करने की अनुशंसा की जाती है। एवं निविदादाता ANJU INDUSTRIES, Phase-1, Chandigarh द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की गयी।

**4. समिति का निर्णय :–**

सम्यक् समीक्षोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति प्रदान करते हुए एक अदद निविदादाता **DIVETEK UNDER WATER SERVICES Mau, Uttar Pradesh** द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी करने के कारण तकनीकी बीड में सफल एवं एक अदद निविदादाता **ANJU INDUSTRIES, Phase-1, Chandigarh** द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल पाया गया। सफल निविदादाता **DIVETEK UNDER WATER SERVICES Mau, Uttar Pradesh** का वित्तीय बीड खोलकर निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता (यॉं०), जल संसाधन विभाग, पटना को निदेशित किया गया।

(अरविन्द कुमार वर्मा) 10/4/26
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
जल संसाधन विभाग, पटना।

(शम्स परवेज) 10/4/26
मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक),
जल संसाधन विभाग, पटना।

(ब्रजेश मोहन) 10/4/26
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना।

(संतोष कुमार मल्ल) 10/4/26
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक – मो०(2)–यॉं0–(बलवाघाट बराज निविदा)– 324/2025– 726 पटना, दिनांक– 10-04-2026

प्रतिलिपि:– मुख्य अभियंता (यॉं०), जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

10.04.26
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–02

ज्ञापांक – मो०(2)–यॉं0–(बलवाघाट बराज निविदा)– 324/2025– 726 पटना, दिनांक– 10-04-2026

प्रतिलिपि:– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

10.04.26
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–02